# हिन्दी (विशिष्ट)- **2010**

Time : 3 Hours ] [Maximum Marks : 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(3) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक के लिए (5 x 5 = 25) एक-एक अंक निर्धारित है।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 11 से 19 तक प्रत्येक के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 20 के लिए दस अंक निर्धारित हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न -

प्रश्न 1. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) हिन्दी साहित्य का प्रवेश द्वार माना जाता है | (1) शोक |
| (ii) यशोधरा के रचयिता | (2) देवकी |
| (iii) करुण रस का स्थायी भाव | (3) भारतेन्दु युग |
| (iv) कंस की बहन का नाम | (4) दार्शनिक |
| (v) दर्शनशास्त्र को जानने वाला | (5) डॉ. रघुवीर सिंह |

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों का एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(i) गजमुख का मुख कौन देखता है?

(ii) 'तात्याटोपे' को किस गुप्त स्थान पर रखा गया था?

(iii) 'गणेश शंकर विद्यार्थी' साहित्य की किस विधा में लिखा गया है?

(iv) जिसकी कल्पना न की जा सके।

(v) जब कथन में देखने और सुनने पर निन्दा सी जान पड़े, किन्तु वास्तव प्रशंसा हो, वहाँ अलंकार होता है।

प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिए- 1x5=5

(i) जयशंकर प्रसाद ............ के प्रमुख कवि हैं। (प्रगतिवाद/छायावाद)

(ii) 'नए मेहमान' एकांकी में आगंतुक रेवती का ....... था। (पिता/भाई)

(iii) नवगीत 'तन हुए शहर के रचयिता हैं। (आनंद मिश्र/सोम ठाकुर)

(iv) 'यदि वह आता तो मैं चला जाता' यह वाक्य ......... वाक्य है। (संकेतवाचक/सन्देहवाचक) http://www.mpboardonline.com

(v) आश्रय की बाह्य शारीरिक चेष्टाएँ ..... कहलाती हैं। (अनुभाव/विभाव)

प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए- 1×5=5

(i) मैथिलीशरण गुप्त ने काव्य रचना की है-

(अ) अवधी में (ब) ब्रज में (स) खड़ी बोली में (द) मालवी में।

(ii) खेल कहानी का प्रमुख पात्र है-

(अ) गजाधर बाबू (ब) विश्वनाथ (स) मनोहर (द) शंकर।

(iii) लता मंगेशकर के पिताजी का नाम था-

(अ) सुरेन्द्रनाथ (ब) दीनानाथ (स) रामनाथ (द) हृदयनाथ।

(iv) 'शत्रुता' शब्द का विपरीत अर्थ है-

(अ) मधुरता (ब) मित्रता (स) सुन्दरता (द) मनुष्यता।

(v) 'कवित्त' के प्रत्येक चरण में वर्ण होते हैं-

(अ) 31 वर्ण (ब) 33 वर्ण (स) 36 वर्ण (द) 28 वर्ण।

प्रश्न 5. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए- 1x5=5

(i) गजानन माधव मुक्तिबोध रीतिकाल के प्रमुख कवि हैं।

(ii) नाटक और एकांकी में कोई अन्तर नहीं है।

(iii) केदारनाथ और बद्रीनाथ के पुजारी को रावल कहा जाता है।

(iv) 'अपने मुँह मियाँ मिठ्ठू बनना' का अर्थ है अपने मुँह को मिठ्ठू जैसा बनाना।

(v) ओज गुण शांत रस की कविताओं में पाया जाता है।

प्रश्न 6. रेखाचित्र और संस्मरण में दो अन्तर स्पष्ट करते हुए अपने पाठ्यपुस्तक में संकलित दोनों विधाओं की एक-एक रचना का नाम लिखिए। 4

(अथवा) रिपोर्ताज का क्या अर्थ है? हिन्दी के दो प्रमुख रिपोर्ताज लेखकों के नाम उनकी एक रचना सहित लिखिए।

प्रश्न 7. शरद जोशी के अनुसार अच्छे अध्यक्ष की चार विशेषताएँ बताइए। 4

(अथवा) 'वापसी' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 8. मीरा को 'हरि' से मिलने में क्या-क्या कठिनाइयाँ हैं? 4

(अथवा) 'राम' को पार उतारने के लिए केवट कौन सी शर्त रखता है, और क्यों?

प्रश्न 9. उद्धव के ब्रज आगमन पर गोपियों की आतुरता का वर्णन कीजिए। 4

(अथवा) 'अमृत का चूंट शक्ति के' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।

प्रश्न 10. छायावाद तथा रहस्यवाद में अन्तर लिखिए। 4

(अथवा) 'नई कविता' की दो विशेषताएँ बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा एक-एक रचना का नाम लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

पर्यावरण प्रदूषण परमात्मकृत नहीं, अपितु मानवकृत है जो उसने प्रगति के नाम पर किये गये आविष्कारों द्वारा निर्मित किया है। आज जल, वायु सभी कुछ प्रदूषित हो चुका है। अवांछनीय गैसों का मिश्रण एक गम्भीर समस्या बन चुका है। यह सम्पूर्ण मानवता के लिए एक खुली चुनौती है और एक समस्या है जो सम्पूर्ण मानवता के जीवन के मरण से सम्बन्धित है। इसके समक्ष मानवता बौनी बन चुकी है।

प्रश्न(क) उपर्युक्त गद्यांशं का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 2

(ग) प्रदूषण किसके कारण निर्मित है? 1

प्रश्न 12. अपने विद्यालय के प्राचार्य को चरित्र प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 5

(अथवा) आपने मित्र की रचना विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित हुई है। अतएवं उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए तथा प्रकाशित रचना की एक प्रति भेजने का भी अनुरोध कीजिए।

प्रश्न 13. माँ ने रामकुमार वर्मा को पढ़ाई के सम्बन्ध में क्या निर्देश दिये थे? 5

(अथवा) गणेश शंकर विद्यार्थी जी के व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न 14. मत्तगयन्द सवैया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 5

(अथवा) विभावना और विशेषोक्ति अलंकार में अन्तर उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 15. (अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 2

(i) आपका भवदीय (ii) गाँधीजी का देश सदा आभारी रहेगा।

(ब) भाव-विस्तार कीजिए- 3

"बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा हैं।

(अथवा) (अ) मातृभाषा किसे कहते हैं एवं मातृभाषा का ज्ञान होना क्यों आवश्यक है?

(ब) निम्नलिखितं वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-

(i) कितना अद्भुत दृश्य हैं। (विस्मयवाचक)

(ii) राम बुद्धिमान हैं। (बिना भाव बदले नकारात्मक)

(iii) तुम कल जाओगे। (प्रश्नवाचक)

प्रश्न 16. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा डॉ. सुरेश शुक्ल "चन्द्र" का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 5

(क) दो रचनाएँ (ख) भाषा-शैली (ग) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 17. बिहारी अथवा शिवमंगल सिंह सुमन का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 5

(क) भावपक्ष-कलापक्ष (ख) कोई दो रचनाएँ (ग) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 18. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या काजिए- 5

(अ) यह संसार क्षणभंगुर है। इसमें दुःख क्या और सुख क्या। जो जिससे बनाया है वह उसी में लय हो जाता है इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है? यह संसार जल का बुदबुदा है, फूटकर किसी रोज जल में ही मिल जाएगा।

(अथवा) (ब) जब कभी मेरा मन उदास हो जाता है, कोई छोटी-सी बात मेरे मन को बेचैन कर जाती है, किसी घटना विशेष को लेकर मैं तिलमिला उठता हूँ, कोई समस्या मुझे सोने नहीं देती या किन्हीं चिन्ताओं से- मैं घिर जाता हूँ तब ये पुस्तकें किसी बुजुर्ग की तरह मेरी पीठ को सहलाते हुए मुझे ढाढस बँधाती हैं।

प्रश्न 19. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी। http://www.mpboardonline.com

किती बार मोहि दूध पिअत भई, यह अजहूँ है छोटी

तू जो कहति बल की बेनी, ज्यौं, है है लॉबी मोटी

काढ़त गुहत न्हवावत ओछ्त, नागिन सी भुइँ लोटी

काचो दूध पिआवत पचि-पचि, देत न माखन रोटी।

(अथवा) बीती विभावरी जाग री

अम्बर-पनघट में डुबो रही-

तारा-घट ऊषा-नागरी

खग-कुल कुल-कुल सा बोल रहा,

किसलय का अंचल डोल रहा,

लो यह लतिका भी भर लायी

मधु-मुकुल नवल रस-गागरी।

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 10

(क) इण्टरनेट -आज के जीवन की आवश्यकता

(ख) यातायात की बढ़ती समस्या एवं सुधार के उपाय

(ग) मेरा प्रिय खेल

(घ) वर्तमान गुरु-शिष्य सम्बन्ध